संक्षिप्त

ट्रेक्टर-ट्रोली पलटी, चालक की मौत

मालपुरा, (निसं)। जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे के मालपुरा केकडी सडक मार्ग पर शनिवार की देर रात इंदोली प्रतापपुरा के पास सिमेन्ट से भरी एक ट्रेक्टर-ट्रोली अनियंत्रित हो सडक किनारे गड्ढे में पलटी खा जाने से चालक की दर्दनाक मौत हो गई। शनिवार की रात हुए हादसे के दौरान केकडी से मालपुरा आ रहे पूर्व संसदीय सचिव शत्रुघ्न गौतम ने अपनी गाडी रोक मानवता का परिचय देते हुए मालपुरा थाना पुलिस को सुचित कर मौके पर क्रेन मंगवा ट्रेक्टर-ट्रोली को गड्ढे से निकाल सिमेन्ट के कट्टो के निचे दबे चालक को गंभीर हालत में मालपुरा अस्पताल मे भर्ती करवाया। चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर घायल ट्रेक्टर चालक बैजनाथ गुर्जर निवासी तांतिया को मृत घौषित किया। रविवार की सवेरे पोस्टमार्टम कर शव परिजनो को सौंपा गया।

सर्दी ने दिखाया रंग, जलने लगे अलाव

निवाई, (निसं)। पिछले 3 दिनों से शीत लहर के चलने से ठिठुरन बढ गई है। सर्दी के बढ ने के साथ ही दिन व रात के तापमान में भी भारी गिरावट आ गई है। दिनभर शीत हवा चलती रहती रही। जिसके चलते लोगों को दिन में भी ऊनी कपडे पहनने पडे। किसानों ने बताया कि सर्दी के बढ ने से तापमान में गिरावट आ गई है जिससे फसलों को फायदा होगा। सर्दी के बढ ने से रात के तापमान में भारी गिरावट हो गई है और रात के समय ओस भी गिरने लगी है जिसके चलते जमीन में नमी बढ ने लगी है जो फसलों के लिए काफी फायदेमंद है। सर्दी की ठिठुरन मिटाने के लिए जगह-जगह लोग अलाव जलाकर बैठे नजर आने लगे है। सर्दी के बढ ने के साथ ही ठिठुरन मिठाने के लिए लोग शहर में स्थित चाय की होटलों पर चाय की चुस्कियां लगाते नजर आए। सर्दी के मेवे गजक, मूंगफली, पिण्ड खजूर, चीक्कू जैसे गर्म खाद्य पदार्थो की बिक्री परवान पर रही।

सामुदायिक भवन का लोकार्पण

चौमूँ, (निसं)। ग्राम पंचायत हस्तेडा के विजयनगर जोगियों की ढ ाणी में विधायक कोष से 500000 की लागत से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण विधायक रामलाल शर्मा और पंचायत समिति गोविंदगढ प्रधान रामस्वरूप यादव ने किया । स्थानीय निवासियों द्वारा लोकार्पण समारोह में पधारे अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर भाजपा देहात मंडल कालाडेरा अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा, पूर्व प्रधान महेश मीणा, किसान मोर्चा अध्यक्ष अमरचंद निठारवाल, कानाराम देवनदा, सीताराम योगी, अशोक कुमार योगी, सुनील पारीक, सुवालाल योगी, माल नाथ, जग्गू नाथ, नाथू नाथ, हरीनाथ, सीताराम, जोरूनाथ सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

रामकुंवार मालुणी ब्लॉक अध्यक्ष

मालपुरा, (निसं)। सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था के मालपुरा ब्लॉक अध्यक्ष चयन के लिए हुए चुनाव में रामकुंवार मालुणी को सर्वसम्मति से सैनी समाज कर्मचारी एवं विकास संस्था का ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया तो जगदीश सैनी भास्कर को सचिव मनोनीत किया गया। भागचन्द सैनी को कोषाध्यक्ष, खेमराज सैनी, रामनिवास गढ वाल, बालकिशन सैनी व जगदीश सैनी को संरक्षक मनोनीत किया गया। संगठन के चुनाव समिति के सभी पदाधिकारियों ने एवं सदस्यों ने नवमनोनीत अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों को माला व साफा पहना स्वागत किया। राजेन्द्र सैनी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

पोषबड़ा महोत्सव में उमड़े भक्त

निवाई, (निसं)। निकटवर्ती गांव खेडा शुक्लपुरा में स्थित बालाजी के मंदिर में रविवार को श्री बालाजी समिति एवं समस्त ग्रामीणों द्वारा विशाल पोषबडा महोत्सव का आयोजन किया गया। समिति के सदस्य बी.एल. शर्मा ने बताया कि बालाजी की कृपा से विशाल पोषबडा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसको लेकर बालाजी महाराज की आकर्षक झांकी सजाई गई। इस दौरान रामधुनी सहित अनेक धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन करके बालाजी के पोषबडा का भोग लगाकर महाआरती कर भंडारे का आयोजन किया गया।

मुख्य रास्ते में हो रहे कीचड़ से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

नारायणपुर, (निसं)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुण्डावरा में रैगरों के मोहल्ले में मुख्य रास्ते में हो रहे कीचड को लेकर रविवार को दर्जनों पुरुष और महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि काफी समय से एससी मोहल्ले के रास्ते में कीचड होने से ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी हो रही हैं। सरपंच को कई बार समस्या से अवगत कराने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई हैं। जबकि यह रास्ता अजबपुरा, कानपुरा, चोलिया की ढाणी, खारिया की ढाणी, सालिया की ढाणी को जोडता हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा अभी तक वार्ड 5 में कोई विकास कार्य नहीं कराया गया, जिससे वार्डवासियों में रोष बना हुआ हैं। वही रास्ते में गंदा पानी और कीचड जमा होने से मच्छर पनप रहे हैं। इससे मोहल्लेवासियों में बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि नाला निर्माण का कार्य शुरू हो उसके लिए मोहल्ले का गंदा पानी सडक पर न फैले इसके लिए करीब एक माह पहले ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा 13 फीट गहरा गड्ढा भी खुदवाया था और नाला और सीसी सडक निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से खोदे गए गड्ढे में आये दिन मवेशी गिर कर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जल्दी सीसी व नाला निर्माण नहीं किया गया तो ग्राम पंचायत कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जायेंगा।

रास्ते में गंदा पानी और कीचड़ जमा होने से परेशान ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।

- सरपंच को कई बार समस्या से अवगत कराने के बाद भी स्थिति जस की तस

इधर सरपंच दयाराम सैनी ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा नाला और सीसी सडक निर्माण कार्य स्वीकृत करा दिया गया लेकिन ग्रामीणों द्वारा घरों का गंदा पानी नहीं रोकने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा रहा। इस मौके पर रोहिताश बलाई, सीताराम रैगर, दुष्यंत रैगर, प्रदीप बलाई, ओमप्रकाश रैगर, महेश बाकोलिया, राजेन्द्र प्रसाद, गीता, सरिता देवी, कोशल्या देवी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

सांभरलेक के अनेक मंदिरों में पोष बड़ा प्रसादी में उमड़े भक्त

सांभरझील, (निसं)। पोष माह के अवसर पर इन दिनों क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में जगह-जगह पोस बढ़ा प्रसादी का आयोजन लगातार जारी है। इसी क्रम में राजपथ स्थित ढ ाडो की गली के बालाजी मंदिर, लंबी गली स्थित गणेश मंदिर, दादू द्वारा के सामने मनकामेश्वर मंदिर, पुरानी धानमंडी स्थित बाबा रामदेव मंदिर, देवयानी स्थित तपस्वी जी का आश्रम भगवान राम दरबार व ग्राम पंचायत बरडोटी के शिव बालाजी मंदिर में पौष बडा प्रसादी का आयोजन बडी धूमधाम से किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक निर्मल कुमावत ने शिरकत की। बडा कार्यक्रम में विधायक व पधारे हुए विशिष्ट अतिथियों का स्वागत समिति के द्वारा किया गया। समिति के सचिव ने बताया कि कार्यक्रम में सराहनीय कार्य करने वाले सभी लोगों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पौष बडा समिति द्वारा एक मांग पत्र विधायक को सौंपा जिस पर उन्होंने स्वामी की ढ ाणी श्मशान में खुला बरामदा निर्माण कार्य करवाने के लिए 7.50 लाख की घोषणा की गई और कहा गया कि बरडोटी की जनता मेरे मन में है। पौष बडा कार्यक्रम में अतिथि सम्मान समारोह के बाद पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें गांव के हजारों लोगों ने पंगत प्रसादी का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में संत शंकरपुरी महाराज ,सुखदेव महाराज, रामपुरी महाराज, सुदर्शन महाराज, धर्मचंद महाराज के अलावा मनकामेश्वर महादेव मंदिर में पार्षद गौतम सिंघानिया, पूर्व पार्षद विष्णु कुमार, आरएसएस के मनीष सूंटवाल, ढाडो की गली हनुमान मंदिर में पार्षद पति सत्यनारायण स्वामी, पार्षद सुशीला, कैलाश, हितेंद्र स्वामी, राकेश स्वामी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही।

मकानों के ताले तोड़ चोरों ने पानी की मोटर व सामान पार किये

टोंक, (निसं)। टोंक शहर के कंकाली माता मन्दिर क्षेत्र में अम्बिका कॉलोनी से दो मकानों के ताले तोड अज्ञात चोर दो पानी की मोटरे व दोंदे और टेबिल रोल चोरी कर ले गए।

जानकारी के अनुसार कंकाली माता मन्दिर के समीप अम्बिका कॉलोनी में बीती रात्रि को मंजू देवी कुमावत के मकान के गेट के ताले तोडकर मकान में घुस गए और दो पानी भरने की मोटरे चोरी कर ले गए। जिसका पता सुबह मकान मालिक के परिजन पहुंचे तो पता चला, क्योंकि इस मकान का निर्माण कार्य जारी था और कोई रहता नहीं था।

जिस पर पुलिस को सूचना दी तो पुलिस ने पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया। इसी प्रकार अम्बिका कॉलोनी में ही अनिल विजयवर्गीय के गोदाम के ताले तोड कर वहां रखे पतल दोंदो, टेबिल रोल के सामान में से दोंदे बंडल व टेबिल रोल के बंडल चोरी कर ले गए। जिस पर पुलिस को सूचना दी तो पुलिस ने मौका मुआवना कर पुलिस कार्यवाही शुरु की।

अम्बिका कॉलोनी में गोदाम के ताले तोड़कर हुई चोरी के बाद पुलिस ने जायजा लिया।

जनाक्रोश महासभा के लिए रत्ना कुमारी सहित भाजपाइयों ने जनसंपर्क किया

पावटा, (निसं)। विराटनगर विधानसभा की 4 जनवरी को विराटनगर में जन आक्रोश महासभा आयोजित होगी। महासभा में भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया सभा को संबोधित करेंगे। जन आक्रोश महासभा को सफल बनाने के लिए भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी शाहपुरा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर, गांव-गांव जनसपर्क कर कांग्रेस का जंगलराज, कुशाषित सरकार से त्रस्त जनता भाजपा की जन आक्रोश महासभा में बढ-चढकर भाग लेने के लिए पीले चावल बांटे।

- जन आक्रोश महासभा में बढ-चढ़कर भाग लेने का आव्हान

भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी शाहपुरा द्वारा बादशाहपुर, देवली, सोठाणा मोड, माहसिंहकाबास में जन संपर्क कर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया की जन आक्रोश महासभा में ज्यादा से ज्यादा शामिल होकर कांग्रेस की इस निर्दयी सरकार को उखाडकर फेकने की अपील की। वही जन आक्रोश महासभा को लेकर जनता द्वारा मिल रहा साथ एवं विश्वास भाजपा कार्यकर्ताओं को अति उत्साहित कर रहा है। इस दौरान रत्ना कुमारी शाहपुरा ने कहा कि अब इस कांग्रेस के जंगलराज से मुक्ति पाने का समय आ गया है। पूरी जनता को एक साथ आवाज उठाकर इस कांग्रेस की सरकार को उखाड फेकने की जरूरत है। वह दिन दूर नहीं जब पूरे भारत से कांग्रेस का नामो निशान मिट जायेगा। भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी शाहपुरा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में सपर्क कर लोगों से महासभा में ज्यादा से ज्यादा संया में आने का निमंत्रण दिया। कांग्रेस सरकार की विफलताओं के बारे में ग्रामीणों से चर्चा की। ग्रामीण क्षेत्रों में जन समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। इन सभी समस्याओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश में जन आक्रोश महासभा आयोजित की जा रही है।

भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी सहित भाजपाइयों ने दर्जनों गांवों में सपर्क कर महासभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने का निमंत्रण दिया।

80 वर्ष से अधिक आयु वाले सैनी समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान

अलवर, (निसं)। सैनी समाज वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति अलवर द्वारा अति वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह एवं पोष बडा कार्यक्रम मनु मार्ग अलवर स्थित सैनी स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया। एडवोकेट टेकचन्द सैनी ने बताया कि सम्मान समारोह में 80 वर्ष से अधिक आयु वाले सैनी समाज के वरिष्ठजनों का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

जिसमें पूर्व जिला सैनी महासभा अध्यक्ष सुवालाल (95 वर्ष) एवं खेमचन्द (92) पूर्व सचिव सैनी शिक्षा समिति एडवोकेट मामराज (85) अध्यक्ष सैनी शिक्षा समिति अलवर के.एल.सैनी जी आई.एफ.एस. (85) पूर्व अध्यक्ष सैनी शिक्षा समिति अलवर जत्ती राम सैनी (85) पूर्व कोषाध्यक्ष सैनी समाज सामूहिक विवाह समिति अलवर प्रहलाद स्वरूप (84) सम्मानित किया गया। मंच संचालन सैनी महासभा महामंत्री लक्ष्मण सिंह सैनी ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला सैनी महासभा अध्यक्ष मनमोहन सैनी ने कहां कि वरिष्ठ नागरिकों को समाज में बहुत योगदान रहा है उनके अनुभव एवं मार्गदर्शन का समाज को उपयोग में लेना चाहिये। ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिये जिससे युवाओं को वरिष्ठजनों से प्रेरणा मिल सके।

सम्मान सम्मारोह के पश्चात् पोष बडा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस महासचिव अशोक सैनी, सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान एवं पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस शहर अलवर श्रीमती श्वेता सैनी, दिपेन्द्र सैनी, जिलाध्यक्ष सैनी महासभा पूर्णमल सैनी, उपाध्यक्ष भगवत बायलाण, महामंत्री लक्ष्मण सिंह सैनी, महात्मा मोहनदास सेवा समिति अध्यक्ष खन्ना सैनी, सैनी समाज सामुहिक विवाह समिति अध्यक्ष प्रताप सैनी (धाराभाई) एवं महामंत्री पदम चन्द सैनी, रामरतन सैनी, हरिओम सैनी, मास्टर कैलाश चन्द सैनी, ए.ई.एन. कैलाश चन्द सैनी, भौरेलाल सैनी, प्रकाश चन्द, सुरेश तेनगरिया, पी.आर. सैनी, हुकमाराम सैनी, शिवलाल सैनी, दिनेश सैनी, हरिओम, रघुवीर दयाल, ओमप्रकाश सैनी पत्रकार, सत्यनाराण सैनी, कमल सैनी, जे.पी. सैनी, झम्मल लाल सैनी, कैलाश सैनी आई.टी.आई. सहित काफी संख्या में सैनी समाज के गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

बालाजी क्लब बना मालपुरा प्रीमीयर लीग का चैम्पियन

मालपुरा, (निसं)। राजकीय सीनियर हायर सैकेण्डरी स्कूल मालपुरा के खेल मैदान पर आयोजित मालपुरा प्रीमीयर लीग राज्य स्तरीय डे-नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत खेले गये फाईनल मैच में बालाजी क्लब ने प्रतियोगिता का खिताब जीत चैम्पियन बनने का अवसर प्राप्त किया।

आयोजन समिति के दीपक शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में खेले गये क्रिकेट के फाईनल मुकाबलों में बालाजी क्लब व हरियाण झज्जर झारली को 39 रनों से पराजित किया। खेल मैदान पर आयोजित प्रतियोगिता के समापन समारोह में मौजूद अतिथियों ने शनिवार की रात 1 बजे चैम्पियन बनी बालाजी क्लब को 1 लाख 11 हजार रूपये का नगद पुरस्कार व चैम्पियन ट्रॉफी सौंप उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में उपविजेता हरियाण झज्जर को 51 हजार रूपये का पुरस्कार दिया गया। मैन ऑफ दा मैच राजेन्द्र चौधरी को घौषित कर एलईडी दी गई तो वही लगातार तीन छक्के लगाने वाले खिलाडी नीरज शर्मा को मैन ऑफ दा मैच का खिताब दिया गया। सात दिन तक खेल मैदान पर चली डे-नाईट राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान हजारों की संख्या में खेल प्रेमियों ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

बालाजी क्लब ने राज्य स्तरीय मालपुरा प्रीमीयर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब जीता।

- एक लाख ग्यारह हजार का पुरस्कार जीता

पालिका अध्यक्ष आशा महावीर नामा सहित पालिका पार्षदों ने विजेता खिलाडियों को प्रतीक चिन्ह व मेडल पहना ट्रेक सूट का उपहार दिया। रमाकान्त पाठक ने समारोह का सफल मंच संचालन किया। आयोजन समिति के गणेश जाट, भंवर सैनी, कमल सैनी, अमित शर्मा, दीपक, राकेश, राधे सहित खेल प्रेमियों ने विजय रहा व उपविजेता रही दोनो ही टीमों का स्वागत सम्मान किया। प्रतियोगिता के समापन पर नगरपालिका अध्यक्ष आशा नामा, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक राकेश कुमार बैरवा, अम्बेडकर विचार मंच अध्यक्ष पूजा लोकेश लोदी के आतिथ्य में पालिका की और से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर खेल मैदान पर खिलाडियों व खेलप्रेमियों को नववर्ष की शुभकामनाए दी।

सार-समाचार

बच्चों को जर्सी बांटी

अलवर, (निसं)। तथागत गौतम बुद्ध सेवा समिति को राम चरण वर्मा जयपुर संभाग अध्यक्ष राजस्थान अंबेडकर शिक्षक संघ व सरिता राज जिला परिषद सदस्य जिला परिषद सदस्य व पंचायत राज प्रकोष्ठ जिला संयोजक भाजपा अलवर ने तथागत गौतम बुद्ध सेवा समिति मेटसो कंपनी के सामने गेट नंबर 1 उद्योग नगर एमआईए में बच्चों को जर्सी वितरण किया। इस मौके पर तथागत गौतम बुद्ध सेवा समिति के अध्यक्ष जयराम बैरवा समिति उपाध्यक्ष श्याम बिहारी चौधरी कोषाध्यक्ष पत्रकार बीरू कुमार ने जिला परिषद सदस्य व पंचायत राज प्रकोष्ठ जिला संयोजक भाजपा सरिता राज को शॉल भेंट कर स्वागत किया। व राम चरण वर्मा जयपुर संभाग अध्यक्ष राजस्थान अंबेडकर शिक्षक संघ व सुरेश का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य सरिता राज ने छोटे-छोटे बच्चों को जर्सिया पहनाई। समिति अध्यक्ष जयराम बैरवा व उपाध्यक्ष श्याम बिहारी चौधरी ने अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद व्यक्त किया।

एमएम स्कूल खेल टीम का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

पावटा, (निसं)। पावटा प्रागपुरा में संचालित एमएम पब्लिक स्कूल के खेल प्रतियोगियों का सीबीएसई द्वारा आयोजित स्किपिंग रोप व एथलेटिक्स खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन मनोज मित्तल ने सभी खिलाडियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अखिलेश्वर मिश्रा ने खिलाडियों को उत्साहित करते हुए उन्हे विद्यालय, समाज व परिवार का नाम देशभर में रोशन करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक कैलाश चन्द यादव ने बताया कि पठानिया पब्लिक स्कूल रोहतक में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता दिनांक 2 जनवरी से 4 जनवरी तक आयोजित की जायेगी। इसमे चयनित खिलाडी चेतन सिंह, सचिन सैनी, कृष यादव, सीताराम जाट, नैना कुमावत, आशा सैनी, सोनू तथा एथलेटिक्स में लॉन्ग जप में संदीप सैनी राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

टेबल टेनिस में दो खिलाड़ी शामिल

निवाई, (निसं)। टेबल टेनिस लीग प्रतियोगिता के लिए शनिवार को टोंक लांसर्स टीम ने 2 ओर प्लेयरों को टीम में शामिल किया है। जिसमे वीरेन्द्र पारीक नागौर एवं मनीषा आनंद नागौर को टीम में शामिल किया। यह जानकारी टीम मैनेजर अरुण जाट ने दी है।

समर्थ लाल मीणा की जयंती मनाई

राजगढ , (निसं)। क्षेत्र के ठेकडीन ग्राम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व भाजपा नेता समर्थ लाल मीणा की 88वी जयंती मनाई गई। मंडल अध्यक्ष एडवोकेट राहुल दीक्षित ने बताया कि इस मौके पर स्वर्गीय समर्थ लाल मीणा के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर गोष्ठी का आयोजन किया गया। भाजपा नेता प्रभु दयाल शर्मा एवं भगवान सहाय बोहरा ने उनके राजनीतिक जीवन से सीख लेने की बात कहते उनके आदर्शों पर चलने का आव्हान किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पद दंगल व राजस्थानी गीतों की मनमोहक प्रस्तुति स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा दी गई। कार्यक्रम के अंत में भाजपा प्रत्याशी रहे विजय समरथ लाल मीणा ने सभी का आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में अलवर विधायक संजय शर्मा, गोपाल सिंह नरुका, राजेन्द्र जैन, प्रेमनाथ धामानी, अशोक गुप्ता, दिनेश गुप्ता, सुखवंत सिंह, सुदेश खाम्बरा व नगर पालिका चेयरमैन सतीश दुहारिया ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में भाजपा नेता बन्नाराम मीणा, भाजपा नेता सुनीता मीणा, प्रदीप शर्मा, विश्वास मित्तल पूर्व मंडल अध्यक्ष सतेंद्र सैनी, किशन बटवाडा, अशोक बजाज, संजय राजस्थानी, प्रमोद शर्मा, सुखराम मीना, तरुण राठिया एवं नंदकिशोर सैनी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पेंशनर्स समाज की बैठक सम्पन्न

निवाई, (निसं)। राजस्थान पेंशनर कर्मचारी संघ उपशाखा की बैठक आदर्श विद्या मंदिर में सूरजमल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में खिडगी, सिंदरा, देवपुरा, कीवाडा, नोहटा, करिरीया, बारेडा, बस्सी सहित कई गांव के पेंशनरों ने भाग लिया। बैठक में पिछली मिटिंग में लिए गए प्रस्तावों की समीक्षा कर चर्चा की गई। मीटिंग में संघ के पदाधिकारियों ने जीवित प्रमाण पत्र एवं आयकर बनवाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिला पेंशनर भवन हेतु 21 हजार की राशि देने की जानकारी देते हुए बताया कि पेंशनर समाज का प्रदेश नेतृत्व पेंशनरो की समस्याओं का निराकरण करवाने के लिये सजग व जागरूक है तथा पूरी तरह प्रयासरत है। इस दौरान पेंशनरों को आने वाली समस्याओं का निराकरण करवाया जाएगा तथा पेंशन जमा, स्टेटमेंट डाउनलोड आदि की व्यवहारिक जानकारी उपलब्ध करवाई। पेंशनर कर्मचारियों को मार्च तक जीवित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना है। जिसके लिए ई-मित्र या व्यक्तिगत रूप से जिला कोष कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त ने तहसीलदार जगदीश जांगिड, रामधन खंगार, महावीर दरोगा, जगदीश गुनाडिया, रमेश जैन, राधामोहन पारीक, रामेश्वर पोसवाल, शिवनारायण गुर्जर, देवा गुर्जर, इसक मोहम्मद, रणजीत सिंह राजावत, रघुनाथ बैरवा सहित कई पेंशनर मौजूद थे।

सिर पर पलटा मारकर हत्या

अलवर, (निसं)। न्यू ईयर पार्टी मनाकर घर लौट रहे दो भाइयों पर 10-12 बदमाशों ने हमला कर दिया। इस दौरान एक के सिर पर पलटा मारने से वह गंभीर घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला अलवर के बगड थाना इलाके के मीणापुरा गांव का है। परिजनों ने बताया कि यादराम (44) अपने भाई के साल नए साल का जश्न मनाने मूडपुरी गांव गया था। शनिवार देर रात दोनों मीणापुरा गांव लौट रहे थे। इस दौरान गांव के पास 10 से अधिक युवकों ने यादराम और उसके भाई पर हमला कर दिया। यादराम के सिर पर एक युवक ने पलटा मार दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। इस मर्डर के बाद रविवार सुबह परिजनों ने जिला अस्पताल के बाहर जाम लगा दिया। बगड तिराहा थाना पुलिस पर भी परिजनों ने बदमाशों की मदद करने के आरोप लगाए। कोतवाली पुलिस ने समझाइश कर जाम खुलवा दिया।

कैंडल मार्च निकाली गई

टोंक (निसं)। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन राजस्थान के तहत कर्मचारियों ने रविवार को शाम कैंडल मार्च निकाल कर कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। भामस जिलाध्यक्ष कमलेश चौधरी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष रईस मियां, आरवीटीका जिलाध्यक्ष विनोद नायक, एनएमओपीएस के संयोजक अनवर चिश्ती के नेतृत्व में कर्मचारियों ने पटेल सर्किल से पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कैंडर मार्च शुरु किया, जो कलेक्ट्रेट होकर घंटाघर पहुंच कर सम्पन्न हुआ।